# पीएनजी ज्वेलर्स के शो रूम का आज माधुरी दीक्षित करेंगी उद्घाटन

▶ शुभारंभ पर ग्राहकों को मिलेगी बनवाई पर 50 प्रतिशत तक छूट

नवभारत न्यूज

**इंदौर. पीएनजी ज्वेलर्स 23 अगस्त को इंदौर में अपना नया शोरूम लॉन्च करने जा रहा है. एमजी रोड पर हाई कोर्ट के सामने सतगुरु एलिट स्थित इस शो रूम का उद्घाटन अभिनेत्री माधुरी दीक्षित शाम 5.30 करेंगी. शुभारंभ अवसर पर ग्राहकों को सोने और हीरे के गहनों की बनवाई 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी. यह ऑफर सीमित समय तक रहेगा. इस अवसर पर विशेष ऑफ़र्स, डिस्काउंट्स और लॉन्च-कलेक्शन भी प्रस्तुत किए जाएंगे.**



गौरतलब है कि 1832 में मराठा साम्राज्य की भूमि पर शुरू हुआ पीएजी ज्वेलर्स, सिर्फ गहने बनाने वाला नाम नहीं है, बल्कि अपने ग्राहकों से किया गया एक ऐसा सुनहरा वादा है जो आज भी विश्वास और शुद्धता के साथ निभाया जा रहा है. एक ऐसी धरती से, जहां सेवा को सबसे बड़ी परंपरा और आचरण की शुद्धता को सच्ची देशभक्ति माना गया. उसी भूमि से पीएनजी ज्वेलर्स बेहतरीन कारीगरी और सेवा ला रहे हैं. महाराष्ट्र में पीएनजी ज्वेलर्स ने 192 साल पुरानी पारिवारिक परंपरा और पारंपरिक आभूषणों की गहरी समझ के आधार पर अपनी पहचान बनाई है. अब यही सफल सूत्र इंदौर के परंपरा-समृद्ध बाज़ार में आज़माया जाएगा. ब्रांड की ताकत केवल उसकी विरासत में नहीं, बल्कि उसके अनोखे डिज़ाइन दृष्टिकोण में भी है. सप्तम और कथा जैसी कलेक्शन्स हर गहने में सांस्कृतिक प्रतीकों और भावनात्मक कथाओं को पिरोती हैं.

> इंदौर का शोरूम सोना, हीरा और चांदी की बेहतरीन विविधता प्रस्तुत करेगा, जो हर ग्राहक वर्ग के लिए प्रामाणिकता, नवाचार और मूल्य सुनिश्चित करेगी. पीएनजी ज्वेलर्स एक पारिवारिक ज्वेलर के भरोसे को कॉर्पोरेट मूल्यों से जोड़ता है और सप्तम, कथा, नक्षी, स्वराज्य और आशीर्वाद जैसी विशेष कलेक्शन्स प्रस्तुत करता है, जो परंपरा और भावनात्मक कहानी कहने की कला से प्रेरित हैं. बदलती पसंद और मूल्य-संवेदनशील खरीदारी को ध्यान में रखते हुए, ब्रांड लाइटस्टाइल कलेक्शन में किफायती रेंज से प्रतिस्पर्धी डिज़ाइन्स प्रस्तुत कर रहा है, ताकि गुणवत्ता या डिज़ाइन नवाचार से समझौता किए बिना हर वर्ग तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके.

# मेट्रो के शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश

▶ प्रबंध संचालक ने दूसरे चरण को लेकर की समीक्षा व निरीक्षण

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मेट्रो रेल के दूसरे चरण सुपर कॉरिडोर दो से मालवीय नगर स्टेशन निर्माण कार्य को लेकर प्रबंध संचालक द्वारा समीक्षा और निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति और समय सीमा पर ठेकेदार कंपनी और अधिकारियों जल्दी कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए.**



आज मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने साप्ताहिक दौरे में मेट्रो रेल के विस्तार को लेकर समीक्षा की. साथ ही करीब 11 किलोमीटर लंबी लाइन का ट्रॉली से निरीक्षण किया. प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने विजय नगर, मेघदूत गार्डन, बापट चौराहा, हीरानगर, चंद्रगुप्त चौराहा और मालवीय नगर चौराहा स्टेशनों का भी निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान महत्वपूर्ण कार्य जैसे- सिविल निर्माण की गुणवत्ता, एस्केलेटर व लिफ्ट, स्टेशन की एंट्री-एग्जिट व्यवस्था, कंट्रोल रूम, टिकटिंग एरिया, विभिन्न सिस्टम रूम इत्यादि की विस्तृत जानकारी ली. निरीक्षण सुपर कॉरिडोर-03 के बाद आगे के स्टेशनों पर मेट्रो परिचालन शुरू करने को लेकर किया गया. इसके बाद शाम को चैतन्य ने गांधी नगर स्थित मेट्रो डिपो का निरीक्षण किया एवं संचालन की जानकारी ली. इस दौरान उन्होंने डिपो की संचालन प्रक्रिया, तकनीकी सेटअप, ट्रेन रखरखाव सुविधाओं, कंट्रोल रूम, ट्रेनिंग बिल्डिंग, इन्स्पेक्शन-बे एवं रिपेयर-बे का अवलोकन किया.

> निरीक्षण के बाद गांधी नगर स्थित मेट्रो कार्यालय में समीक्षा बैठक ली. बैठक में मेट्रो परियोजना से जुड़े कॉन्ट्रैक्टर्स और अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे कामों को जल्दी पूरा करे, ताकि अगले चरण में शहर जनता को सुरक्षित, समयबद्ध, पर्यावरण-अनुकूल और विश्वस्तरीय शहरी परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जा सके. बैठक एवं स्थल निरीक्षण में वरिष्ठ अधिकारी सहित जनरल कंसल्टेंट और मेट्रो निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

## एक नजर में

### टेक्नो स्पार्क गो 5जी की सेल शुरू

**इंदौर.** अपनी एडवांस्ड सिग्नल टेक्नोलॉजी के लिए मशहूर ब्रांड, टेक्नो का उद्देश्य भारत के हर कोने में सबसे बेहतर सिग्नल प्रदान करना है. इसके नए स्मार्टफोन स्पार्क गो 5जी की पहली सेल शुरू हो गई है. भारत में डिजिटल जनरेशन के लिए बनाया गया स्पार्क गो 5जी पूरे जनसमूह तक पॉवर, स्टाईल, विश्वसनीयता और भविष्य की टेक्नोलॉजी पहुँचा रहा है. इस डिवाईस की सेल 21 अगस्त से पूरे भारत में शुरू हो गई है. स्पार्क गो 5जी में दोगुनी बैटरी, दोगुनी परफॉर्मेंस और दोगुनी कनेक्टिविटी प्राप्त होती है. इसके बाद भी यह स्मार्टफोन बहुत स्लिम और स्टाईलिश है. 6000 एमएएच की बैटरी के साथ यह 7.99 मिमी का स्मार्टफोन अपने सेगमेंट में सबसे स्लिम और लाईटवेट स्मार्टफोन है. टेक्नो मोबाईल का उद्देश्य भारत के हर कोने में सबसे बेहतर सिग्नल प्रदान करना है. टेक्नो में और ज्यादा बेहतर अनुभव के लिए एक इन-हाउस एला एआई असिस्टैंट दिया गया है, जो 5 भारतीय भाषाओं - हिंदी, बंगाली, तमिल, गुजराती और मराठी को सपोर्ट करता है.

### अमेजन ने गणेश चतुर्थी के लिए लॉन्च किया विशेष स्टोर

**इंदौर.** अमेजन इंडिया ने आज अमेजन.इन पर विशेष गणेश चतुर्थी स्टोर की शुरुआत की घोषणा की. यह स्टोर ग्राहकों के लिए सोच-समझकर तैयार किए गए पर्यावरण अनुकूल और पारंपरिक त्योहार संबंधी आवश्यक वस्तुओं का संग्रह पेश करता है. स्टोर में मिट्टी के गणेश प्रतिमाओं और हस्तनिर्मित सजावट से लेकर त्योहारों के परिधान, पूजा सामग्री और मिठाइयाँ तक सब कुछ उपलब्ध है, ताकि उत्सव न केवल सहज बल्कि टिकाऊ भी बने. ग्राहक अमेजन के एआई-संचालित शॉपिंग असिस्टेंट रुफुस का उपयोग करके उत्पाद खोज सकते हैं, व्यक्तिगत सुझाव प्राप्त कर सकते हैं और अपने त्योहारी शॉपिंग अनुभव को और भी बेहतर बना सकते हैं. कुछ चुने हुए विकल्प आपकी गणेश चतुर्थी के अनुभव को और खास बनाएँगे.

### वाइब कोडिंग इवेंट को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स खिताब

**इंदौर.** ने दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन जेनेरेटिव एआई हैकाथॉन आयोजित कर नया इतिहास रच दिया है. दस दिनों तक चले वाइब कोडिंग इवेंट में 40 देशों के 53,199 से अधिक सहयोगियों ने भाग लिया. इस दौरान 30,601 से अधिक कार्यशील आइडिया और प्रोटोटाइप प्रोजेक्ट्स तैयार किए गए. इस उपलब्धि को आधिकारिक तौर पर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ने मान्यता दी. इस पहल का उद्देश्य नवाचार को लोकतांत्रिक बनाना और एआई साक्षरता को संगठनात्मक स्तर पर तेज़ी से बढ़ावा देना था. कॉग्निज़ेंट के सीईओ रवि कुमार एस. ने कहा कॉग्निज़ेंट की वाइब कोडिंग पहल केवल विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए नहीं है, बल्कि एआई अर्थव्यवस्था की गति निर्धारित करने के लिए है. हम एक ऐसे वर्कफोर्स का निर्माण कर रहे हैं जहां हर कोई एआई के साथ नवाचार कर सके. गिटहब एपीएसी की वाइस प्रेसिडेंट शैरिन नेपियर ने कहा कॉग्निज़ेंट का वाइब कोडिंग इवेंट दिखाता है कि गिटहब कोपायलट जैसे टूल्स कैसे नवाचार को तेज़, बड़े पैमाने पर और सुलभ बना सकते हैं.

### शॉप्सी की 'दिल से देसी' सेल में जबरदस्त खरीदारी

**इंदौर.** फ्लिपकार्ट की कंपनी शॉप्सी ने अपनी स्वतंत्रता दिवस 'दिल से देसी' सेल का सफलतापूर्वक समापन किया. इस सेल में होम फर्निशिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स की बिक्री में जबरदस्त बढ़त दर्ज हुई. 79 रुपये से शुरू होने वाली किफायती कीमतें, देश के आठ मशहूर बाजारों से चुने गए उत्पाद और रोज़ाना के खास ऑफर्स ने शॉप्सी को त्योहारी खरीदारी का पसंदीदा गंतव्य बना दिया. सेल में लॉन्च के बाद ऑर्डर में 16% से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई. शॉप्सी और फ्लिपकार्ट मार्केटप्लेस के बिजनेस हेड कपिल थिरानी ने कहा हमारी 'दिल से देसी' सेल भारत के लोगों की बढ़ती चाहत को दिखाती है, जहां लोग हेल्थे, होम और फैशन जैसे कई क्षेत्रों में अच्छी गुणवत्ता, विविधता और सस्ते दाम चाहते हैं. हमारा लक्ष्य शॉप्सी पर खरीदारी को इतना आसान और सबके लिए उपयुक्त बनाना है कि पहली बार ऑनलाइन खरीदारी करने वाले भी आत्मविश्वास से सामान खोज सकें और खरीद सकें.

### केनस्टार ने लॉन्च किया 5-स्टार रेटेड एयर कूलर

**इंदौर.** भारत में लगभग तीन दशकों से भरोसेमंद ब्रांड्स में शुमार केनस्टार ने गुरुग्राम, हरियाणा में देश के पहले 5-स्टार बीईई रेटेड एनर्जी-एफिशियंट एयर कूलर की नई रेंज लॉन्च की. इस नई रेंज में 5 साल की वारंटी के साथ बेहतरीन आराम और मानसिक संतुष्टि का भरोसा दिया गया है. इस अवसर पर केनस्टार के सीईओ सुनील जैन ने कहा नई बीईई 5-स्टार रेटेड केनस्टार कूलर रेंज हमारी स्थिरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है और यह भारत सरकार के पर्यावरण-अनुकूल और ऊर्जा-कुशल दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाती है. पावर ऑफ 5 हमारी उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है जिसमें हम हर घर को बेजोड़ प्रदर्शन, उच्च दक्षता, बिना समझौता किए गुणवत्ता, असाधारण टिकाऊपन और विश्वसनीयता का भरोसा देते हैं. संतोष भामरे, नेशनल सेल्स हेड केनस्टार ने कहा हमें भारत की पहली 5-स्टार रेटेड एयर कूलर रेंज लॉन्च करके खुशी हो रही है. 5 साल की वारंटी के साथ यह रेंज केनस्टार की नई तकनीक, ऊर्जा बचत और बेहतरीन गुणवत्ता के साथ किफायती दामों पर उत्पाद देने के वादे को भी दर्शाती है.

### होलकर विज्ञान महाविद्यालय में अहिल्याबाई को किया याद



**इंदौर.** होलकर विज्ञान महाविद्यालय में शुक्रवार को मां अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. इस अवसर पर उनकी प्रतिमा के समक्ष आरती अर्पित कर उन्हें नमन किया. कार्यक्रम में व्याख्यान माला का भी आयोजन हुआ, जिसमें विनीता धर्म ने मां अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, उनके न्यायप्रिय स्वभाव और समाज सुधार के कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला. व्याख्यान से उपस्थित छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक गहराई से प्रभावित हुए तथा मां अहिल्याबाई के आदर्शों और संकल्पों को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया. इस अवसर पर महाविद्यालय जनभागीदारी अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, प्राचार्य अनामिका जैन, डॉ. नागेश जकर, डॉ. प्रदीप शर्मा, अंगूर वाला बाफना, प्रोफेसर सीमा सिसोदिया, अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा आर.सी. दीक्षित सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, कर्मचारी, गेस्ट फैकल्टी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे. कार्यक्रम का समापन मां अहिल्याबाई की आरती और प्रसादी वितरण के साथ हुआ.

# राजसी ठाट-बाट के साथ निकली देवी अहिल्या की पालकी यात्रा

## विभिन्न मंचों से पुष्प वर्षा कर किया स्वागत, ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रही आकर्षण का केंद्र

नवभारत

**इंदौर. देवी अहिल्या बाई की 230 वीं पुण्यतिथि पर आज उनकी पालकी यात्रा परम्परागत लाव लश्कर के साथ निकली. बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पालकी में विराजित देवी अहिल्या की एक झलक पाने को आतुर थे. देवी अहिल्या के स्वरूप के समक्ष सभी ने नमन कर अपनी अगाध श्रद्धा व्यक्त की.**



आज शाम निकली विशाल शोभायात्रा का माहौल देखते ही बनता था. हर ओर उत्सवी वातावरण था. पाउली भजन करने वाली महिलाओं ने अद्भुत श्रृंगार एवं एक जैसी वेशभूषा से पालकी यात्रा को आध्यात्म में भिगो दिया. पालकी यात्रा के संयोजक शंकर लालवानी ने बताया कि बटुकों की उपस्थिति ने श्लोक पाठ कर पुण्य भाव भर दिए. प्रारम्भ में पुलिस बैंड व बोहरा समाज का बैंड से राष्ट्र भक्ति की अलग गूंज उठ रही थी. पालकी यात्रा के शुभारंभ से पहले पालकी का पूजन किया गया और पुलिस बैंड ने सलामी दी. यात्रा में इंदौर के होलकर स्टेट के 14 राजाओं के प्रतीक 14 युवा एवं अहिल्या महिला सेना के रूप में परंपरागत वेशभूषा में घोड़े पर सवार होकर पालकी यात्रा में सबसे आगे चल रहे थे. सह संयोजक प्रेमप्रकाश वर्मा, रविंद्र गौड़, प्रशांत बड़वे व सुधीर देड़गे ने बताया कि आपरेशन सिंदूर की झांकी पर बज रहे देशभक्ति के गाने पर युवा झूम रहे थे. अहिल्या राज का प्रतीक महिला सेना शौर्य देखते ही बनता था. पालकी यात्रा परंपरागत मार्ग से घूमते हुए गोपाल मंदिर पहुंची. जहां पूजा आराधना की गई. इससे पहले सुबह देवी अहिल्या की प्रतिमा को माल्यार्पण किया गया. गोपाल मंदिर में देवी अहिल्या बाई के चित्र का पूजन कर पालकी में रखा गया.

> **झांकियों में दिखाए जीवन प्रसंग**
>
> प्रकाश पारवानी, सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि मराठी सोशल ग्रुप, लोक संस्कृति मंच द्वारा देवी अहिल्या बाई के जीवन प्रसंग, गणेश परिवार पर आधारित झांकियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं. पालकी का संपूर्ण यात्रा मार्ग में स्वागत मंचों से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस बार इस यात्रा को नई पहल के साथ ध्वनि और वायु प्रदूषण निवारण संदेश देते हुए निकाला गया. जनरेटर धुआं रहित थे. स्वागत मंचों पर भी लाउड स्पीकर्स कम आवाज में बजाए गए. यात्रा में अखाड़े भी करतब दिखाते हुए शामिल हुए.

# पीथमपुर सेक्टर-7 के जमीन मालिकों को प्लॉट आवंटित

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमपीआईडीसी ने आज पीथमपुर में सेक्टर 7 में विकास के लिए दी जमीन के बदले प्लॉटों का आवंटन किया. आज एमपीआईडीसी करीब 18 करोड़ के तीन सौ प्लॉटों का लॉटरी सिस्टम से आवंटन किया.**




पीथमपुर में स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाऊनशिप सेक्टर-7 का विकास एमपीआईडीसी द्वारा किया जा रहा है. उक्त योजना में शामिल भू-धारकों को आपसी सहमति के आधार पर भूमि का अर्जन लैण्ड पुलिंग पद्धति से किया गया है. जमीन मालिकों से ली गई भूमि के बदले में कलेक्टर गाईड लाईन की दो गुना मुआवजा राशि का भुगतान किया जा रहा है. इसमें 20 प्रतिशत मुआवजा राशि का भुगतान नकद तथा बकाया शेष 80 प्रतिशत राशि के बराबर विकसित भूखण्ड आवंटित करने का प्रावधान है.

कार्यकारी संचालक हिमांशु प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि स्मार्ट इंडस्ट्रियल टाऊनशिप सेक्टर-7 में 2 सितम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 के बीच जिन किसानों से एमपीआईडीसी ने जमीन ली थी. ऐसे भूधारकों को आज व्यावसायिक तथा रहवासी प्लॉटों का आवंटन किया है. उक्त प्रक्रिया के तहत कुल 18.08 करोड रूपये के 3 व्यवसायिक तथा 297 आवासीय कुल 300 प्लॉटों का आवंटन किया गया है.

# आयाना पटेल को कल्चरल ओलंपियाड में द्वितीय स्थान

नवभारत न्यूज

**इंदौर. इन्दौर निवासी प्रतिभाशाली डेली कालेज में 7वीं क्लास की छात्रा आयाना पटेल ने ऑल इंडिया कल्चरल ओलंपियाड 2025 में अपनी मनमोहक एकल कथक प्रस्तुति से पूरे देश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर इतिहास रच दिया.** आयाना पटेल ने मात्र पाँच वर्ष की आयु से कथक की साधना प्रारंभ की और आज भाव, ताल व लय पर उनकी अद्भुत पकड़ सभी को मंत्रमुग्ध कर देती है. उनके भाव तो मानो सहज ही मुख पर खिल उठते है. उनके इस नृत्य-सफ़र में विशेष योगदान है कथक गुरु जयंत बडे सर का, जिनकी शिक्षा और प्रेरणा ने आयाना पटेल को शास्त्रीय नृत्य की इस ऊँचाई तक पहुँचाया. आयाना पटेल की यह सफलता सभी बच्चों के लिए प्रेरणा है कि जुनून, अनुशासन और सही मार्गदर्शन के साथ कोई भी सपना साकार किया जा सकता है.



# नगर निगम ने सीएम के लिए बनाई वैनिटी वैन

## पूर्णत: फाइव स्टार सुविधाओं से लैस है वैन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम इंदौर ने मुख्यमंत्री के लिए वैनिटी वैन बनाई है. यह वैन फिल्म स्टार्स की वैनिटी वैन समान बनाई गई है. वैन को फाइव स्टार सुविधाओं से लैस किया गया है. मुख्यमंत्री को क्लीन और ग्रीन इंदौर में फिल्म स्टार्स की तरह वैनिटी वैन फैसिलिटी उपलब्ध होगी. इसके निर्माण पर निगम को सिर्फ 5 लाख रुपए की लागत आई है.**



दरअसल बात यह है कि मुख्यमंत्री को विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान व्यक्तिगत चर्चा, आराम और प्रसाधन की आवश्यकता होती है. इसी को ध्यान में रखते हुए एक अत्याधुनिक वैनिटी वैन बनाई है. मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को इंदौर में कार्यक्रमों के दौरान हर समय ये वैनिटी वैन उपलब्ध रहेगी.

> **फिल्म स्टार करते हैं उपयोग**
>
> वैनिटी वैन रखने का ट्रेंड फिल्म स्टार्स का है जो अपनी शूटिंग साइट पर वैनिटी वैन में ही रहने, सजने संवरने और आराम के लिए उपयोग करते हैं. इसी कॉन्सेप्ट पर आधारित वैनिटी वैन अब मुख्यमंत्री को भी फिल्म स्टार्स की तरह आराम और सुविधाएं देगी. खास बात यह है कि इस वैनिटी वैन को महज 9 दिन में तैयार किया गया. वैन इंदौर में हुई कैबिनेट बैठक के दौरान इस्तेमाल किया जा चुका है.

### मोहन यादव का चलता फिरता घर

इंदौर नगर निगम द्वारा तैयार किया गया वीआईपी कक्ष किसी फाइव स्टार होटल के कमरे की तरह नजर आता है. इसे खास तौर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के लिए तैयार किया गया है. मुख्यमंत्री कार्यक्रमों के दौरान बिना कहीं जाए, आराम करने से लेकर प्रसाधन उपयोग कर सकेंगे. वैनिटी वैन में मीटिंग रूम भी है, जिसमें सीएम लोगों से चर्चा कर सकते हैं.

### प्रोटोकॉल ध्यान में रखकर तैयार की

वैनिटी वैन सर्वसुविधा युक्त, एयर कंडीशन्ड, लग्जरी और ईको फ्रेंडली है. इसमें लग्जरी फर्नीचर, बाथरूम के अलावा अन्य एमेनिटीज मौजूद हैं. वैनिटी वैन को लेकर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि प्रदेश के किसी नगर निगम में मुख्यमंत्री के लिए तैयार की गई पहली वैनिटी वैन है. प्रोटोकॉल के तहत हर बार मुख्यमंत्री के लिए जो टेंट रूम तैयार किया जाता है. उस पर एक बार का खर्च 5 लाख से भी ज्यादा आता है. ऐसी स्थिति में नगर निगम वर्कशॉप के प्रभारी मनीष पांडे को ध्यान में आया कि हर बार मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान टेंट रूम बनाने से बेहतर है कि तमाम सुविधाओं के साथ एक वैनिटी वैन बना दी जाए. उक्त वैन को बनाने में 5 लाख रु खर्च आया है, लेकिन अब ये सीएम के हर दौरे में उपलब्ध रहेगी. इस वैनिटी वैन को मुख्यमंत्री के प्रोटोकॉल के तहत तैयार किया गया है. वैन को कहीं भी ले जाया जा सकता है. निगम वर्कशॉप प्रभारी मनीष पांडे ने बताया कि राजबाड़ा में कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भी वैनिटी वैन का उपयोग किया गया था. आगे भी मुख्यमंत्री की जरूरत के लिए उपयोग में लिया जाएगा.

